वाला फोलिंग एस हो मिलता है।

## धोखाधड़ी... फर्म होगी ब्लैकलिस्ट, मशीनें वापस

धमतरी| शहर में कचरे की झिल्ली के निपटान के लिए खरीदी गई बेलिंग मशीन में घोटाला सामने आया है। निगम ने राजनांदगांव की फर्म ओम शांति ओम इंडस्ट्रीज से 10-10 एचपी की डबल मोटर वाली 8 बेलिंग मशीनें मंगाई थीं। फर्म ने इसके बदले सिंगल मोटर वाली 7.50 एचपी क्षमता की मशीनें भेज दीं।

## 50 हजार में मिली थी गुजरात के व्यापारी की हत्या की सुपारी

दुर्ग | गुजरात की वडोदरा पुलिस ने शनिवार गार्मेंट व्यापारी आशीष बाकोलिया पर गोली चलाने वाले आरोपियों के अधिकारिक गिरफ्तारी की पुष्टि कर दी। पुलिस ने खुलासा किया है कि व्यापारी की हत्या की साजिश फिजी (विदेश) में रची गई थी। विदेशी कंपनी दयाल स्टील कंपनी का मालिक जय दयाल इसका मास्टरमाइंड है। उसने अपने कर्मचारी विक्रम सिंह को व्यापारी की हत्या करने की सुपारी दी थी। विक्रम ने भिलाई के शूटर गुरजीत सिंह को 50 हजार रुपए में गोली मारने का ठेका दिया। सुपारी किलिंग के लिए जय दयाल ने विक्रम की पत्नी के बैंक खाते में 2.72 लाख रुपए जमा भी करवाए थे। इसी रकम से पिस्तौल, मोटरसाइकिल और अन्य इंतजाम किए गए। भिलाई के शूटर गुरजीत ने ही व्यापारी आशीष पर गोली चलाई थी। जानकारी के मुताबिक गुरजीत भिलाई नगर थाने का निगरानी गुंडा है। अनाथ होने की वजह से वह अपराध से जुड़ा हुआ है। लगातार अपने ठिकाने भी बदलता रहता है। गुजरात पुलिस को घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज, आधार कार्ड, बाइक का नंबर, ट्रेन की टिकट जैसे साक्ष्य मिले थे। जिसके बाद पुलिस पीछा करते हुए भिलाई पहुंची थी। दुर्ग पुलिस की मदद से दोनों को पकड़कर गुजरात ले गए। आरोपियों से पिस्टल और मैगजीन जब्त की गई है। गुजरात पुलिस के मुताबिक आरोपी विक्रम घटना को अंजाम देने के बाद फिजी लौटने वाला था। जानकारी के मुताबिक वडोदरा के कारोबारी आशीष पिता मदनलाल बाकोलिया फिजी की दयाल स्टील कंपनी में फाइनेंशियल मैनेजर के तौर पर काम करता था।

जहां लोगों को उमसभरी गर्मी से बड़ी राहत दी है, वहीं खेती और पर्यटन के लिए नई उम्मीदें जगा दी हैं। महज चार दिनों की इस मानसूनी फुहार से बस्तर का अधिकतम तापमान करीब 6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 25 डिग्री पर आ गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। इसका एक सुखद असर यह है कि चित्रकोट वाटरफॉल शबाब पर आने लगा है। वहीं असर ऐसा भी है कि जगदलपुर शहर को इस बारिश ने पानी-पानी कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक

**CHHATTISGARH GRAMIN BANK (Scheduled Bank Owned by Government)**

क्षेत्रीय कार्यालय, डी.एस.एस. कॉम्प्लेक्स, मुंगेली नाका, बिलासपुर (छ.ग.)

Email : npa.ro.bil@cgb.bank.in | Mobile No. 6232032595 | Web : www.cgb.bank.in

### अचल सम्पत्ति ई-नीलामी सूचना : "जहां है एवं जैसी है", "जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" की स्थिति में

### (ई-नीलामी तिथि 07/08/2026, समय सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक)

अधोहस्ताक्षरकर्ता **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की **धारा 13 (2)** एवं **धारा 13(4)** प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न दर्शित ऋणी के स्वामित्व वाली सम्पत्ति जिसका अधिग्रहण **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक** के द्वारा कर लिया गया है, ऋणी से देय राशि वसूली हेतु सम्पत्तियों की सार्वजनिक **ई-नीलामी** दिनांक 07/08/2026 को **सुबह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक है** । ऋण ग्रहिताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्न वर्णित सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक** के प्रभार के अधीन होगा।

| ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि / बकाया राशि / कब्जा/आधिपत्य तिथि / आधिपत्य का प्रकार | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः- मेसर्स एम. बी. हेल्थकेयर, प्रो. श्रीमति अश्विनी ठाकुर पति श्री प्रवीण ठाकुर<br>जमानतदारः - श्री प्रवीण ठाकुर पिता श्री संतोष ठाकुर<br><br>शाखाः बिल्हा<br>मोबाइल नं. 6232032503 | **श्रीमती अश्विनी ठाकुर की बंधक संपति का विवरणः** भूमि एवं मकान प.ह.नं. 00030, खसरा नं.- 7/2, मौजा- देवकिरारी, पोस्ट- बिटकुली, आरएनएम एवं तहसील- बिल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 19,590 वर्ग फुट ।<br>**चौहद्दीः- उत्तर-** लोधी की भूमि, **दक्षिण-** रोड एवं शासकीय भूमि, **पूर्व-** दयालु की भूमि, **पश्चिम-** संतराम की भूमि । | 06/08/2025<br>₹ 98,12,177.00 + ब्याज + अन्य व्यय<br>19/11/2025<br>सांकेतिक | ₹ 75,11,000/-<br>₹ 7,51,100/-<br>₹ 10,000 |

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चे का भुगतान ई-नीलामी तिथि के पूर्व कर देवें। विक्री पश्चात अन्य कोई शेष बकाया राशि की वसूली का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है ।

**ई-नीलामी की शर्तें-**

(1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जावेगी । बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है । भार के विवरण हेतु अधोहस्तारकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। ई-नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** के माध्यम से आन लाईन की जावेगी ।

(2) आरक्षित मूल्य से कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे ।

(3) संपत्ति निरीक्षण **दिनांक 06/07/2026 से 06/08/2026 तक सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक** संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (संपर्क हेतु:- 6232032503, 6232032595)

(4) इच्छुक बोली लगाने वाले/ खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **Baanknet** के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://baanknet.com** में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वालेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा ।

(5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी ।

(6) इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.baanknet.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें।

(7) विक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी।

(8) सफल बोलीकर्ता को सभी वैधानिक, गैर साविधिक बकायों, स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च, फीस, पंजीयन शुल्क, ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्च, कर, प्रभार, शुल्क, इत्यादि स्वयं वहन करने होंगे ।

(9) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance(baanknet), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support-baanknet@psballiance.com, Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें एवं अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचें।

(10) बैंक को किसी भी बोली को स्वीकार, अस्वीकार या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है ।

**दिनांकः 04.07.2026** **प्राधिकृत अधिकारी**

